# S.U.S. Govt. College, Sunam


Established in 1969, NAAC Accredited-Grade B ( CGPA 2.72 ) **Affiliated to:** Punjabi University, Patiala **E-mail:**gcsunam@gmail.com, **College website:** www.susgcsunam.com, **Tel:** 01676-220134

## *Extension Activities*

### *Extension Activities done in terms of impact & sensitizing students to social issues and holistic development*

**105. Event: Inter College Competition on World Environment Day**

**Date: 05-06-2022**




**विश्व पर्यावरण दिवस पर एन.एस.एस विभाग ने प्रतियोगिता करवाई**

सुनाम ऊधम सिंह वाला (सुशील): शहीद ऊधम सिंह सरकारी कालेज सुनाम के एनएसएस विभाग की ओर से प्राचार्य प्रो. कामना गुप्ता के संरक्षण में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए ऑनलाइन इंटर कालेज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पोस्टर मेकिंग, रंगोली और वीडियो मेकिंग शामिल थे। इन प्रतियोगिताओं के लिए छात्रों ने ग्लोबल वार्मिंग, एसिड रेन, प्रदूषण के प्रभाव, हरित रसायन और पर्यावरण रसायन जैसे विषयों पर अपनी रचनाएं/गतिविधियां प्रस्तुत कीं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. रमनदीप कौर ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं में पंजाब के अलावा उत्तराखंड, महाराष्ट्र, बिहार, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने के अलावा इन छात्रों ने अपने घरों में जड़ी-बूटी और औषधीय पौधे भी लगाए। पोस्टर मेकिंग में शहीद ऊधम सिंह गवर्नमेंट कॉलेज, सुनाम की निशिका ने पहला और पूजा शर्मा व विवेक कुमार, सिद्धार्थ नगर, बंसी, उत्तर प्रदेश के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर, वहीं तीसरा स्थान सुनाम कॉलेज के अमनदीप सिंह और माता गुजरी कॉलेज फतेहगढ़ साहिब की अमनदीप कौर ने संयुक्त रूप से जीता। रंगोली में बीएस कॉलेज दानपुर बिहार की कृति मुस्कान ने पहला और शहीद ऊधम सिंह सरकारी कॉलेज सुनाम की पूजा शर्मा ने दूसरा स्थान हासिल किया। सुनाम कालेज की पूजा शर्मा ने पौधों के विषय पर बेहतरीन वीडियो प्रस्तुत किया। प्रो. नरदीप सिंह, प्रो. चमकौर सिंह, अमित कपूर, रणजीत सिंह और रघबीर सिंह सहित अन्य ने पर्यावरण दिवस की गतिविधियों में भाग लेने के लिए छात्रों को बधाई दी।

प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए छात्र।